GRADE-VI SUB-HINDI

TIME- 2.30min. ASSESSMENT-II M.M.– 80

नोटः– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

{खण्ड – अ}

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर लिखिए– (4)

मानव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन, नींद और साँस लेना आवश्यक है, उसी प्रकार जीवन को स्वस्थ, सुंदर और सक्रिय रखने के लिए मनोरंजन भी आवश्यक है। मनोरंजन का स्तर कुछ भी हो सकता है। मनोरंजन स्वास्थ एवं सौंदर्य के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। जिस प्रकार अच्छा,ताजा,ढंग से पका भोजन और स्वस्थ वातावरण शरीर को स्वस्थ बनाता है, उसी प्रकार स्वस्थ मनोरंजन और मनोरंजन के अच्छे साधन मन और मस्तिष्क का उचित विकास करते हैं। जिनमें खेल, घूमना, चुटकुले, हँसना – हँसाना,नाटक,सिनेमा, रेडियो, टेलरविजन आदि शामिल हैं। अपनी–अपनी रूचि और स्वभाव के अनुसार व्यक्ति अपने मनोरंजन के साधन निश्चित कर लेता है।

क. मनोरंजन क्यों आवश्यक है?

ख. मनोरंजन से किस–किस प्रकार का विकास होता है?

ग. मनोरंजन के कौन– कौन से साधन है?

घ. उपर्युक्त गद्यांश का उचित 'शीर्षक' दीजिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर लिखिए– (4)

फसल हमारे पुण्य की देती है गवाही,
भारत हमारा देश है,हम उसके सिपाही।
हमने किया है विश्व में करूणा का संप्रभार,
तूफानों में खेते हुए हम जाएँगे उस पार।
हमने क्षमा की भीख लुटाई है बार–बार ,
तूफानों में खेते हुए हम जाएँगे उस पार।

क. फसलें किसकी की गवाही देती है?

ख. भारतवासियों ने विश्व में किसका प्रसार किया है?

ग. भारत के लोगों ने ~~किस तरह~~ क्या की भीख लुटाई हैं?

घ. 'तूफान' का पर्यायवाची क्या होगा?

Downloaded From www.icseboard.org

प्रश्न 3.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **(6)**

1) समय का सदुपयोग 2) मेरा जीवन लक्ष्य 3) पर्यावरण प्रदूषण

प्रश्न 4 अनौपचीरक पत्र लिखिए – (कोई एक) **(4)**

1) अपने छोटे भाई को प्रातः भ्रमण का लाभ बताते हुए पत्र–

2)अपने मित्र को जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बधाई पत्र–

{खण्ड–ब}

प्रश्न 5. निंदेशानुसार प्रश्नो के उत्तर दीजिए– **(12)**

1) संधि विच्छेद कीजिए–
   जगदंबा, भाग्योदय

2) समास विग्रह का समासिक पद लिखिए–
   नैला है जो गगन, दिन और रात

3) वाक्य किस प्रकार के हैं? लिखिए–
   छत पर मत जाओ।
   ईश्वर करे! तुम प्रथम आओ।

4) (?) चिहन लगाकर वाक्य बनाईए।

5) 'फूल' का समानार्थी और 'लायक' का विलोम लिखिए।

6) एकार्थक प्रतीत होनेवाले शब्दों के अर्थ लिखिए–
   श्रम , परिश्रम

7) 'लोहे के ~~मने~~ चबाना' मुहावरे का और 'एक और एक ग्यारह होते है' लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए–

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए– **(8)**

क. स्वर संधि किसे कहते हैं?कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।

ख. समास किसे कहत हैं?समास के कितने भेद होते हैं?

ग. वाक्य के भेद किन–किन आधारों पर किए जाते हैं? नाम लिखिए।

घ. मुहावरों तथा लोकोक्तियों में अंतर हैं? स्पष्ट कीजिए।

Downloaded From www.icseboard.org

{खण्ड–स}

प्रश्न 1.पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर लिखिए– **(4)**

"चट्टानो में सूखकर कठोर हो गए पौधों और जीवों के अवशेष या छाप को फॉसिल या जीवाश्म कहते हैं। इन्हीं जीवाश्मों की सहायता से लाखें वर्ष पहले पृथ्वी पर रह रहे जीवों और पौधों के बारे में जानकारी मिलती है। देखों सुनंदा, इस पत्थर में फन अपनी पूरी शाखाओं के साथ कितने सुंदर रूप में अंकित हैं," सुनंदा के वैज्ञानिक पिता ने समझाया।

क. जीवाश्म किसे कहते हैं?

ख. पृथ्वी पर रह रहे जीवों और पौधों के बारे में जानकारियाँ किससे मिलती हैं?

ग. पत्थर में क्या सुंदर रूप में अंकित था?

घ. सुनंदा के पिता किस व्यवसाय से संबंधित थे?

प्रश्न 2. रचनाकार परिचय लिखिए–(कोई एक) **(3)**

हजारीप्रसाद द्विवेदी, गोपाल सिंह 'नेपाली', हरिवंशराय बच्चन

प्रश्न 3.निम्नलिखत शब्दों के अर्थ लिखिए– **(6)**

भूचाल, लक्ष्यहीन, अवांछित, ऊधम, कलि–कुसुम, पोशाक

प्रश्न 4. सही उत्तर चुनकर लिखिए– **(5)**

क. पुराने जमाने में कैसा आदमी जिंदा रहता था?

मजबूत आलसी फुर्तीला

ख. प्रस्तुत कविता (स्वतंत्रता का दीपक) के कवि का क्या नाम है?

गोपाल सिंह 'नेपाली' महावीर प्रसाद द्विवेदी यशपाल

ग. सुनंदा ने पत्थर को सावधानीपूर्वक कहाँ रखा?

संदूक में अलमारी में तिजोरी में

घ. किसे मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा?

ईमानदारी को बेईमानी को समझदारी को

ड. रब्बी के कहने पर मूसा ने कौन सा पशु पाला?

कुत्ता बिल्ली मुर्गा

प्रश्न 5. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए– **(5)**

क. खेती से पहले हर व्यक्ति................था।

ख. ....ने लेखक के हाथ में नब्बे रूपये रख दिये।

Downloaded From www.icseboard.org

ग. सारा दिन ....उदास रहता था।

घ. विहग ....चारण,

..................................कीर्ति–गायन।

प्रश्न 6. 'हाँ' या 'नही' में उत्तर दीजिए– (1.5)

क. मूसा को अपनी बेटियों का भी शोर भी बुरा लगता था।

ख. जानवरों के झुंडो में सरदार नहीं हाते थे।

ग. पंडित जी को रास्ते में तीन ब्राह्मण मिले थे।

प्रश्न 7. भाववाचक संज्ञा लिखिए– (2)

युवक.........., पूजना...........

प्रश्न 8. वाक्यांशों के लिए शब्द लिखिए – (2)

क. जहाँ जाने में कठनाई न हो ....

ख. जिसका कोई आदि न हो...........

प्रश्न 9.वचन बदलिए– (2)

झाड़ी................, बच्चा...............

प्रश्न 10. उचित मिलान कीजिए– (2.5)

रवि की	फौज
नव किरण का	राजा
कलि–कुसुम से	रथ
तारकों की	सवारी
रात का	पथ

प्रश्न 11. प्रश्नो के उत्तर लिखिए– (कोई –5) (10)

क. जातियाँ बनने से आदमी को क्या हुई?

ख. 'स्वतंत्रता का दीपक' कविता में कवि अपने देशवासियों से क्या आह्वान करता है?

ग. सुनंदा के पिता ने हथौड़ी क्यों मँगवाई?

घ. रेलवे स्टेशन पर और गाड़ी में बैठने के बाद किस घटना ने लेखक को चकित कर दिया था?

ड. इस कहानी (सुख) से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

च. रवि की किरणों के सामने तारकों की फौज कहाँ से भाग जाती है?

Downloaded From www.icseboard.org